# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001
*दूरभाष :* 23005700, *फैक्स :* 23005787

दिनांक : 24 अप्रैल, 2013

## *भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य*

आज भाजपा के लिए यह सुखद अवसर था जब माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह और लोकसभा में विपक्ष की नेता श्रीमती सुषमा स्वराज जी के कर–कमलों से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रथम संयोजिका, एक तरह से कहें तो भाजपा के स्थापना के पश्चात् महिला मोर्चा की नींव रखने वाली राजमाता सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण हुआ।

इस शुभ अवसर पर श्री राजनाथ सिंह और श्रीमती सुषमा स्वराज की उपस्थिति में सुश्री सरोज पांडेय ने राष्ट्रीय महिला मोर्चा के अध्यक्ष का पदभार संभाला। इस अवसर पर भाजपा की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती मृदुला सिन्हा, वर्तमान में राज्यसभा की मुख्य सचेतक श्रीमती माया सिंह और श्रीमती किरण माहेश्वरी तथा भाजपा की वरिष्ठ नेता श्रीमती नजमा हेप्पतुल्ला उपस्थित थीं।

प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को देखते हुए अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद में महिलाओं की 33 फीसदी भागीदारी वर्तमान समय की अनिवार्य मांग है और हम इस मांग को पूरा करने का सार्थक प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वह पहला दल है जिसने संगठन स्तर पर महिलाओं को 33 प्रतिशत स्थान प्रदान करना सुनिश्चित किया है और आज हम संगठन के प्रत्येक स्तर पर 33 प्रतिशत महिलाओं को प्रतिनिधित्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होता है कि लोकसभा में हमारे प्रतिपक्ष की नेता श्रीमती सुषमा स्वराज हैं जिनकी धारदार तर्कों से सत्ता पक्ष में बौखलाहट पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा तर्कों और तथ्यों के आधार पर अपनी बात संसद में रखती है और एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभा रही है। लेकिन उन्होंने कहा

कि कांग्रेस जिस तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस को और कांग्रेस अध्यक्षा को संयम रखना चाहिए और विपक्ष के जो तथ्यों पर आधारित आरोप हैं उनका तथ्यात्मक उत्तर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने एक बड़ी चुनौती सीमा की सुरक्षाओं का भी उठ खड़ा हुआ है। समाचार पत्रों में ऐसी खबरें आ रही हैं कि हमारे देश के सीमावर्ती क्षेत्र लद्दाख में पड़ोसी देश चीन ने सीमा का उल्लंघन किया है। चीनी घुसपैठ का यह मामला देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर मसला है। भारत सरकार को चाहिए कि वह वस्तुस्थिति की सच्चाई को देश के सामने रखे। यही नहीं, बल्कि भयमुक्त वातावरण में चीन से इस सीमा विवाद पर उच्च स्तरीय वार्ता करे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से सरकार को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि इस पूरे मसले पर हम देश हित में सरकार को हर स्तर पर साथ देने को तैयार हैं। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुश्री सरोज पांडेय द्वारा आज महिला मोर्चा के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया जा रहा है। मैं  समझता हूं कि वे आज पदभार ग्रहण नहीं कर रही हैं बल्कि उन्हें आज एक नए दायित्व का बोध हुआ होगा क्योंकि आज के इस अवसर पर हमारे संगठन की आदर्श राजमाता सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण हुआ है जो इस बात का द्योतक है कि हमें संगठन को किस दिशा में और किस पथ पर आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर श्रीमती सुषमा स्वराज ने नवनियुक्त अध्यक्षा सुश्री सरोज पांडे का अभिनंदन करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि पार्टी ने बड़े विचार मंथन के बाद एक योग्य युवा महिला को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा है। सरोज पांडे कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सफलता अर्जित करती रही हैं। जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर सदैव संगठन के लिए कार्य करती रहीं हैं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा ने आज चुनाव की दृष्टि से मिशन 2014 की घोषणा की है। मैं इसमें थोड़ा संशोधन करते हुए इसे मिशन 2013–14 का नाम देना चाहती हूं क्योंकि 2013 में ही कई प्रमुख प्रदेशों में विधान सभा के चुनाव होने हैं और संभव है कि 2013 में ही लोकसभा का भी चुनाव हो जाए। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मेरा अनुरोध होगा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या ज्यादा हो। इस संदर्भ में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अभी से ही सभी प्रदेश अध्यक्षों को संदेश दें वहीं महिला मोर्चा का भी

दायित्व होगा कि वह सक्षम और नेतृत्व करने वाली महिलाओं को संगठन में आगे बढ़ाएं और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करने का प्रयास करें।

अपना नया दायित्व ग्रहण करते हुए सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने भाजपा महिला मोर्चा की इस धरोहर को आगे बढ़ाने का जो दायित्व मुझे सौंपा है, मेरी भरपूर कोशिश और प्रयास होगा कि मैं उनके विश्वास को पूरा करने में सफल हो पाऊं।

सुश्री पांडेय ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है और 2014 का चुनाव कभी भी संभव है। इस चुनावी वर्ष में कई बड़ी चुनौतियां हमारे सामने है। अतः पार्टी के कार्यकर्त्ताओं को अभी से ही चुनावी तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक संगठन आधारित दल है और यही हमारी शक्ति है। हमारा प्रयास होगा कि हम पूरे देश में बूथ स्तर पर महिलाओं की समीति गठित करें और अपने संगठन शक्ति को आगे बढ़ाएं। उन्होंने वर्तमान यूपीए सरकार को राजनीतिक, आर्थिक ओर सामाजिक तीनों स्तर पर विफल बतलाया। राजनीतिक स्तर पर सरकार की साख और नेतृत्व की विश्वसनीयता जनता के बीच घटी है। आर्थिक क्षेत्र में महंगाई लगातार बढ़ रही है जबकि जीडीप दर घट रही है और आम जनता कराह रही है। देश का सामाजिक ताना–बाना टूट रहा है, गरीबी–अमीरी की खाई बढ़ रही है, महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं तीन तरह के आतंक– भ्रूण हत्या, आत्म सुरक्षा और महंगाई से परिवार की रक्षा करने जैसी चुनौतियों से जूझ रही हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आनेवाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा विजयश्री के संकल्प के साथ चुनाव में उतरेगी और सफलता अर्जित करेगी।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद (गुजरात) श्रीमती दर्शना जरदोश ने किया तथा भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्षा सुश्री सरोज पांडेय की राजनीतिक यात्रा का परिचय श्रीमती इंद्रा शर्मा ने प्रस्तुत किया।

**(ओम प्रकाश कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*